दिन–सोमवार दिनांक– 22/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अठारह प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर पांच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों को अर्थव्यवस्था के एक नए युग की शुरूआत बताया है। प्रधानमंत्री ने कल इन व्यापक सुधारों के लागू किए जाने की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी और स्वदेशी के इस्तमाल को बढ़ावा देने को आह्वान किया।

—————————————————————————

आज से सुधा दुग्ध उत्पादों की कीमत में कटौती लागू हो गयी है। कॉम्फेड ने इन उत्पादों की कीमतों में बड़ी कटौती का ऐलान किया था। इसके अनुसार सुधा मक्खन की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक की, सुधा पनीर की कीमत में एक रुपये से पांच रुपये तक और सुधा घी की कीमत में पांच रुपये तक की कटौती की गयी है।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीएसटी दरों में कटौती और सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। श्री कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत होगी। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की इस्तमाल की चीजें सस्ती होने से बाजार में भी रौनक आएगी।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ग्यारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पटना में आयोजित एक समारोह में श्री कुमार ने पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत राज्य और जिला स्तरीय संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र तथा पशु चिकित्सालयों का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने कॉम्फेड अंतर्गत पूर्णिया में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र और दुग्ध उत्पाद निर्माण संयंत्र के विस्तारीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, सीवान, बांका, मुंगेर और भागलपुर के साथ ही भोजपुर, नवादा और नालंदा जिले में विभिन्न पथों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। श्री कुमार ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत पटनावासियों को पंद्रह करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मौर्यलोक परिसर में सृजित सुविधाओं की भी सौगात दी।

---

राज्य सरकार ने शिक्षक भर्ती के चौथे चरण–टीआरई फोर के तहत छब्बीस हजार पदों पर बहाली की घोषणा की है। शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा है कि इस संबंध में अगलेय तीन–चार दिनों के भीतर रिक्तियां बीपीएससी को भेज दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यदि रिक्तियां बचती हैं तो उन्हें टीआरई फाइव में जोड़ा जायेगा।

---

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भक्तिमय माहौल बन गया है। विभिन्न सार्वजनिक पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, गोपालगंज के थावे मंदिर, सारण के दिघवारा स्थित आमी मंदिर, आरा के अरण्य देवी मंदिर, सासाराम स्थित तारापीठ, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के

कात्यायनी शक्तिपीठ और मुंगेर की मां चंडिका शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

समाप्त